आईआईएम रांची में कविता पाठ

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रांची में हिंदी दिवस पर बुधवार को हिंदी पखवाड़ा (14-29 सितंबर) की शुरुआत हुई। इसमें शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर कविता पाठ का आयोजन भी किया गया।

निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव, ने हिन्दी के महत्व पर बात की। कहा कि संस्थान के पुस्तकालय में हिन्दी साहित्य की किताबें हों, जिसमें प्रसिद्ध कवियों की किताबों का संग्रह हो। उन्होंने कहा कि चूंकि झारखंड हिन्दी भाषी क्षेत्र है, इसलिए हिन्दी भाषा में वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन होना चाहिए।

Hindustan_15.09.2022_Pg. 04.